






## एक नजर में



### पिता के नेत्रदान कराकर दिया मानवता का संदेश

**सीहोर.** चाणक्यपुरी निवासी सुनील चौहान एवं अनिल चौहान ने अपने पिता स्वर्गीय शिवराज सिंह चौहान के निधन के उपरांत नेत्रदान कराकर मानवता और सामाजिक संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है. दु:ख की इस घड़ी में दोनों पुत्रों ने समाज को प्रेरणा देने वाला निर्णय लेते हुए स्वप्रेरणा से नेत्रदान कराने की इच्छा व्यक्त की. सिविल सर्जन डॉ यूके श्रीवास्तव ने बताया कि परिवार की सहमति के बाद गांधी मेडिकल कॉलेज के नेत्र बैंक की टीम द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर नेत्रदान संपन्न कराया गया. उन्होंने कहा कि नेत्रदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में फिर से रोशनी लाई जा सकती है. समाज में ऐसे उदाहरण लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.



### वाल्मीकि नगर में गहराया जलसंकट खत्म

**आष्टा.** वार्ड 14 स्थित वाल्मीकि नगर के रहवासियों को पिछले कई दिनों से हो रही पानी की किल्लत से अब स्थाई निजात मिल गई है. क्षेत्र में बंद पड़े हैंडपंप की समस्या को देखते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के निर्देश पर वहां विद्युत मोटर और पानी की टंकी स्थापित कर जल प्रदाय शुरू कर दिया गया. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड पार्षद श्रीमती तारा कटारिया की उपस्थिति में नव निर्मित जल केंद्र का शुभारंभ किया. नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा ने पुराने हैंडपंप को हटाकर वहां विद्युत जल मोटर डालने और समीप में ही 1000 लीटर क्षमता की पानी की टंकी स्थापित करने की योजना बनाने निर्देशित किया. इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा के साथ पार्षद एवं भाजपा नेत्री तारा कटारिया, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम खान, रवि शर्मा, अभिषेक तौमर, महेश चंदेल, शादीलाल, किशोर डूमाने आदि मौजूद थे.




### अनुसूचित जाति के नवनियुक्त अध्यक्ष का किया स्वागत

**सलकनपुर.** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष कैलाश बगाना मंडल सलकनपुर के कार्यालय रेहटी पहुंचे जहां मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. पहली बार सलकनपुर मंडल आगमन पर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं बधाई दी. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी,मोर्चा के पूर्व महामंत्री राजा कलेक्टर, मंत्री भगवानसिंह रजक, कन्हैयालाल चौधरी, पार्षद पिंटू मांगतानी, कैलाश भिलाला, मंडल अध्यक्ष चंदनसिंह मेहरा, बलवंत हरियाली, भूपेंद्र नागर, प्रिंस नागर शाहिद आदि उपस्थित थे.



### महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए की रायशुमारी

**सीहोर.** जिला कांग्रेस कार्यालय सीहोर में महिला कांग्रेस की बैठक सम्पन्न हुई. अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने की.मुख्य अतिथि महिला प्रभारी सबा कुरैशी, सहप्रभारी पार्वती मौर्य उपस्थित रहीं. बैठक में संगठन सर्जन अभियान के तहत संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई एवं महिला जिला अध्यक्ष पद सभी आवेदकों से चर्चा कर बायोडाटा लिए गए. इस अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, ममता कीर, दीप्ति कीर, ममता शर्मा, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, गजराज परमार, संतोष मालवीय, हरिओम सिसोदिया, मनीष मेवाड़ा, तनिष्क त्यागी उपस्थित थे.



### नर्मदा मां सदैव स्वच्छ रहें यही संकल्प : दादा गुरू

**सीहोर.** जिला मुख्यालय के करीब ग्राम बरखेड़ा-सागौनी में करीब दो एकड़ से अधिक बने भानु प्रभा आश्रम में पहुंचे नर्मदा परिक्रमा कर रहे अवधूत सिद्ध महायोगी दादा गुरु ने कहा कि मां नर्मदा स्वच्छ रहे यही हमारा संकल्प है. धर्म सभा को संबोधित करते हुए 108 संत पं. दुर्गाप्रसाद कटारे ने कहा कि मां नर्मदा की महिला निराली है. मां नर्मदा ऋषि, मुनियों की तपस्या स्थली है. मां नर्मदा में सभी तीर्थों का फल है. यह नर्मदा का तेजोबल है कि यहां पर तप, जप करने से सिद्धि की प्राप्ति होती है. साकार और निराकार के बीच मां नर्मदा निराकार अवतार हैं. उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से मात्र नर्मदा जल पर आश्रित गुरुदेव का निराहार महाव्रत एक रहस्य बनता जा रहा है. चिकित्सा जगत भी इसे आश्चर्य के साथ देख रहा है.

# ब्लैक लिस्टेड वेयरहाउस में मिला सरकारी गेहूं

## वनखेड़ी के वेयर हाउस को खरीदी केन्द्र नहीं बनाए जाने के बाद भी किया था सरकारी गेहूं का भंडारण



**सीहोर.** वेयरहाउसिंग के अधिकारियों ने जब वेयरहाउस का निरीक्षण किया तब वहां से बोरियों को दूसरे गोदाम में भेजा जा रहा था.

- वेयर हाउसिंग शाखा प्रबंधक ने मौके पर पहुंचकर किया सील
- कलेक्टर बालागुरू के निर्देश पर की गई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 मई. जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के बीच एक बड़ा मामला सामने आया है. अनियमितताओं के चलते पहले से ब्लैक लिस्टेड किए गए वेयरहाउस में सरकारी गेहूं का भंडारण किए जाने की जानकारी मिलने पर प्रशासन और वेयर हाउसिंग विभाग में हड़कंप मच गया. कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की और संबंधित वेयरहाउस को सील करने की कार्रवाई की.**

जानकारी के अनुसार जिले में इन दिनों समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य तेजी से चल रहा है. सहायक आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने बताया कि अब तक करीब 80 हजार किसानों से लगभग 6.50 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है. खरीदे गए गेहूं को निर्धारित वेयरहाउसों में सुरक्षित रखा जा रहा है. प्रशासन द्वारा भंडारण व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं, इसके बावजूद अनियमितताओं के मामले सामने आ रहे हैं.

ताजा मामला जिले के समीपस्थ ग्राम वनखेड़ी का है. बताया जा रहा है कि यहां के बद्रीनाथ वेयरहाउस को पूर्व में अनियमितताओं के कारण कलेक्टर के निर्देश पर ब्लैक लिस्ट कर दिया गया था. इस बार उसे खरीदी केन्द्र नहीं बनाया गया था. इसके बावजूद उसी वेयर हाउस में सरकारी अनाज रखे जाने की सूचना कलेक्टर बालागुरू के. को मिली. मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने वेयर हाउसिंग के प्रभारी शाखा प्रबंधक एएल सूर्यवंशी को तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करने के निर्देश दिए. शाखा प्रबंधक सूर्यवंशी ने जांच के दौरान पाया कि वेयरहाउस संचालक ब्लैक लिस्टेड वेयरहाउस में रखे गेहूं को दूसरे वेयरहाउस में स्थानांतरित कर रहा था. अधिकारियों द्वारा पूछताछ किए जाने पर संचालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका. इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने संबंधित वेयरहाउस को सील कर दिया. इस कार्रवाई के बाद जिले में गेहूं भंडारण व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। प्रशासन अब यह पता लगाने में जुटा है कि आखिर ब्लैक लिस्टेड वेयरहाउस में सरकारी अनाज कैसे पहुंचा और इसमें किन अधिकारियों या कर्मचारियों की लापरवाही रही. मामले में आगे जांचोपरांत कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है.

### करोड़ों खर्च होने के बाद भी हालात जस के तस

इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी ने नया रिकॉर्ड बना दिया है. भले ही खरीदी प्रक्रिया इस बार देरी से शुरू हुई हो, लेकिन इसके बावजूद जिले में पिछले तीन वर्षों के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं. खरीदी समाप्त होने में अभी 8 दिन शेष हैं और शनिवार तक ही जिले में लगभग 6.50 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है. प्रशासन ने इस बार 7 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य रखा है, जिसे पूरा होने की पूरी संभावना दिखाई दे रही है. जानकारी के अनुसार इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए जिले के 1 लाख 2 हजार 485 किसानों ने पंजीयन कराया था. इनमें से 92 हजार से अधिक किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुक किए. अब तक 80 हजार से अधिक किसानों का गेहूं खरीदा जा चुका है. अब करीब 12 हजार किसानों की उपज खरीदी के लिए आना बाकी है, जिससे खरीदी का आंकड़ा और बढ़ने की उम्मीद है.

### जांचोपरांत करेंगे आगामी कार्रवाई

अनियमितता के चलते बद्रीनाथ वेयरहाउस को इस साल समर्थन मूल्य पर खरीदी केन्द्र नहीं बनाया गया था. इसके संचालक का एक और वेयर हाउस है जिसे खरीदी केन्द्र बनाया गया है, लेकिन संचालक द्वारा बद्रीनाथ वेयरहाउस में अवैध रूप से गेंहू रखा गया था. मौके पर जाकर देखा तो पाया गया कि वह इस गेहूं को दूसरे वेयर हाउस में रखने ले जा रहे थे. इस जांच के लिए सील किया गया है.

**एएल सूर्यवंशी,**
शाखा प्रबंधक वेयर हाउस

### अज्ञात कारणों के चलते फांसी पर लटका युवक

**सीहोर.** थाना कोतवाली अंतर्गत आने वाले पल्टन एरिया निवासी 25 वर्षीय एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है. जानकारी के अनुसार पल्टन एरिया निवासी लड्डुन लाला के 25 वर्षीय पुत्र एजाज ने शनिवार की दोपहर अपने घर में फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली. घटना के वक्त घर में केवल उसकी मां थी, जबकि उसका पिता और भाई शहर से बाहर गए थे. सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. इसी तरह थाना कोतवाली अंतर्गत मछली पुल के समीप सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया.सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर थाना पुलिस को सूचना मिली कि मछली पुल के समीप सड़क किनारे एक व्यक्ति मृतावस्था में पड़ा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए शिनाख्त की तो वह शव समीपस्थ ग्राम मुगीसपुर निवासी 45 वर्षीय नफीस आ. हबीब खां का निकला. बताया जाता है कि नफीस मानसिक रूप से कमजोर था और अक्सर घर से चला जाता था. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## माशिमं ने किया परीक्षा के समय में बदलाव

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 मई.** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के रिजल्ट के बाद 10वीं और 12वीं फेल विद्यार्थियों के लिए सप्लीमेंट्री की जगह द्वितीय परीक्षा चल रही है. लेकिन कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट की परीक्षाओं को देखते हुए माशिमं ने परीक्षा के समय में बदलाव किया है. अब 19 मई को कृषि, गृह विज्ञान, अकाउंटेंसी विषय की परीक्षा होगी. 26 मई को गणित व मनोविज्ञान का पेपर होगा.

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश जारी किए. इसमें बदली हुई तारीखों की जानकारी दी गई. परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी. रेगुलर, प्राइवेट, दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों की परीक्षा एक ही तारीख और समय पर होगी. मंडल के आदेश के अनुसार पहले 14 मई को कृषि, गृह विज्ञान, अकाउंटेंसी की परीक्षा तय थी. अब यह 19 मई को होगी. पहले 21 मई को गणित, मनोविज्ञान की परीक्षा तय थी. अब यह 26 मई को होगी. उल्लेखनीय है कि जिले में 5 हजार 164 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षाओं में फेल हुए थे. इसके साथ ही 151 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे थे. यानी कि 5 हजार 315 विद्यार्थियों को पुन: परीक्षा में शामिल होना था. लेकिन द्वितीय अवसर की परीक्षा के लिए जिले में 4 हजार 354 विद्यार्थियों ने ही फार्म भरा था. जबकि 961 विद्यार्थियों ने द्वितीय अवसर की परीक्षा के फार्म नहीं भरे. इसी तरह

जिले के कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है. प्रक्रिया 1 मई से शुरू हुई. यह 30 जून तक चलेगी. प्रवेश के दौरान छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं.

# भीषण गर्मी का कहर जारी, तापमान ने लगाई छलांग

- सीजन में पहली बार तापमान 44.2 रिकार्ड किया गया
- दोपहर में सड़कों पर पसर जाता सन्नाटा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 मई.** जिले में मई के तीसरे सप्ताह में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है. तेज धूप, गर्म हवाओं और लू ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है. पिछले 24 घंटों के दौरान जिले का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक बताया जा रहा है. राजस्थान की ओर से आ रही गर्म और शुष्क हवाओं के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

गर्मी का असर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक साफ दिखाई दे रहा है. दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आ रही हैं और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं. सुबह 11 बजे के बाद से ही बाजारों में सन्नाटा छाने लगता है. सबसे अधिक दिक्कत मजदूर वर्ग, यात्री और खुले आसमान के नीचे काम करने वाले लोगों को हो रही है.

भीषण गर्मी का असर लोगों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है. जिला अस्पताल और निजी चिकित्सालयों में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, उल्टी-दस्त और अन्य मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर के समय घरों से बाहर नहीं निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और हल्के भोजन का सेवन करने की सलाह दी ह. स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बढ़ता तापमान बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के लिए खतरनाक



### आगामी दिनों में भी गर्मी से नहीं मिलेगी राहत

मौसम विभाग की मानें तो आगे भी गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है. इस दौरान तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी हो सकती है. तेज लू चलने की संभावना भी जताई गई है. जून के दूसरे पखवाड़े में बंगाल की खाड़ी में बनने वाले चक्रवात और प्री-मानसून गतिविधियों के चलते मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है. भीषण गर्मी के बीच मानसून को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है. विभाग के अनुसार 16 मई के आसपास मानसून के अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी के हिस्सों में पहुंचने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं.

### एकलव्य रेड ने ब्लू को तीन विकेट से हराया

**सीहोर.** शहर के बीएसआई मैदान पर शनिवार से आरंभ हुई एकलव्य फेंडशिप क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ एकलव्य ब्लू और रेड के मध्य खेला गया. जिसमें रेड ने ब्लू को तीन विकेट से हराया.रेड की ओर से फरहान ने 37 गेंद पर 50 रन की पारी खेली. वहीं अनंत ने चार और बंधन ने तीन विकेट हासिल किए थे. इस मौके पर अकादमी के संरक्षक जगदीश कुशवाहा, अतुल कुशवाहा, चेतन मेवाड़ा, गौरव पिचोनिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा आदि के मार्गदर्शन में किया जा रहा है.

# खिलौना व्यापारियों की समस्याओं का करें समाधान



- कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने की वन अधिकारियों से चर्चा
- लकड़ी खिलौना व्यापारियों से भी मिले कांग्रेस नेता मस्ताल

नवभारत न्यूज

**बुधनी 16 मई.** कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने लकड़ी के खिलौने बनाने वाले खराद शिल्पियों एवं व्यापारियों से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं.

इस दौरान स्थानीय व्यापारियों ने खिलौना निर्माण में उपयोग होने वाली दुधई लकड़ी की उपलब्धता को लेकर वन विभाग के अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी. व्यापारियों की समस्याओं को लेकर विक्रम मस्ताल शर्मा ने वन परिक्षेत्र अधिकारी राजित द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा की. उन्होंने कहा कि बुधनी क्षेत्र में लकड़ी के खिलौना व्यापार से जुड़े कई परिवार वर्षों से इस पारंपरिक व्यवसाय के माध्यम से जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन वर्तमान में उन्हें विभिन्न प्रक्रियात्मक परेशानियों और संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ रहा है. इस दौरान उनके साथ युवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दुबे लक्की, भाग्योदय दुबे रिंकू मौजूद थे. मुलाकात के दौरान खिलौना व्यापारियों ने व्यापार संचालन में आने वाली दिक्कतों और विभागीय प्रक्रियाओं से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया. इस पर कांग्रेस नेता ने अधिकारियों से आग्रह किया कि छोटे एवं मध्यम वर्गीय व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि उनका रोजगार प्रभावित न हो और व्यापार सुचारु रूप से चलता रहे. विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि शासन-प्रशासन को छोटे व्यापारियों और पारंपरिक कला से जुड़े परिवारों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यापार, पारंपरिक कला और रोजगार से जुड़े हितों की रक्षा करना आवश्यक है, जिससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार और व्यापार में किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े.

### विरोध में 20 को बंद रहेंगी दवा दुकानें

**शाहगंज.** ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर 20 मई को दवा व्यापार बंद रहेगा. शाहगंज की समस्त दवा दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेगी. जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष उमेश शर्मा ने बताया कि संगठन के सभी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया. संघ पदाधिकारी ने बताया कि यह बंद ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध एवं दवा व्यापारियों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर किया जा रहा है.उन्होंने बताया कि बिना नियंत्रण के चल रही ऑनलाइन दवा बिक्री, भारी छूट की अनियमितताएं एवं नीतिगत विसंगतियां दवा बाजार को प्रभावित कर रही हैं.

**धार्मिक** | शनिश्चरी अमावस्या पर जिले के नर्मदा घाटों पर उमड़ी भीड़ ने किया स्नान

# शनिश्चरी अमावस्या, हजारों ने लगाई आस्था की डुबकी

नवभारत न्यूज

**बुदनी 16 मई.** ज्येष्ठ अमावस्या और शनि जयंती के दुर्लभ संयोग पर शनिवार को क्षेत्र भक्तिमय माहौल में नजर आया. 13 वर्ष बाद शनिवार के दिन शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या एक साथ पड़ने से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला. सुबह होते ही नर्मदा घाट, बरखेड़ी घाट सहित विभिन्न नर्मदा तटों पर हजारों श्रद्धालु पहुंचने लगे और मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की.

घाटों पर हर-हर नर्मदे और जय शनिदेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा. श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद शनि मंदिरों में पहुंचकर भगवान शनिदेव का तेलाभिषेक किया तथा काले तिल, शमी पत्र और नीले पुष्प अर्पित किए. मंदिरों में दर्शन के लिए कतारें लगी रहीं. कई स्थानों पर दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, महाआरती और भंडारे आयोजित किए गए.

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार का संयोग अत्यंत शुभ माना जा रहा है. मान्यता है कि इस दिन शनि आराधना, दान-पुण्य और नर्मदा स्नान करने से शनि दोष, साढ़ेसाती और पितृ दोष से राहत मिलती है. इसी मान्यता के चलते श्रद्धालुओं ने गरीबों और जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र, जूते-चप्पल और तिल का दान किया.




## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर

क्रमांक/लेखा/45/26/399 सीहोर दिनांक 16.05.2026

**:-अंकेक्षण कार्य हेतु निविदा :-**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर की 27 शाखाओं एवं प्रधान कार्यालय के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सतत अंकेक्षण कार्य हेतु सनदी लेखापाल फर्म से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। सनदी लेखापाल फर्म के न्यूनतम योग्यता के लिए फर्म में 02 सनदी लेखापालों में से एक सीए फुल टाईम हो तथा फर्म पंजीयन दिनांक से 03 वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुकी हो, इसके साथ ही सनदी लेखापाल फर्म के पास सीसा/डीसा प्रमाण पत्र तथा वाण्ज्यिक बैंकों का 03 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है। सनदी लेखापालों को बैंक में लॉगइन आईडी बनवाना होगी एवं आईडी का संचालन बायोमेट्रिक के माध्यम से करना होगा।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंकेक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में बैंक प्रधान कार्यालय सीहोर लेखा कक्ष से प्राप्त की जा सकती है, जिले व संभाग की फर्म को प्राथमिकता दी जावेगी। इच्छुक फर्म अपनी निविदाएं अंकेक्षण शुल्क का उल्लेख कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के पते पर दिनांक 25.05.2026 तक डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अंकेक्षण शुल्क अ,ब,स, श्रेणी हेतु न्यूनतम रुपए 3,000/- एवं अधिकतम रुपए 10,000/-प्रति त्रैमास प्रति शाखा, बैंक द्वारा निर्धारित किया जावेगा।

किसी भी फर्म की निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पूर्णत: बैंक का रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**